


# तीन अवैध कॉलोनियों से हटाये निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कॉलोनाइजर्स द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया। भवन अधिकारी यशवंत मैकले ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार सिटी प्लानर महेन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित 66 अवैध कॉलोनियों में से 8 अप्रैल को ग्वालियर पूर्व विधानसभा वार्ड क्र. 18 के अन्तर्गत ग्राम महाराजपुरा गिर्द के सर्वे क्र. 707, 708, 712 मिन1, 712 मिन2, 713 715 लगभग रकवा 2.10 हेक्टेयर (कुल 03 अवैध कॉलोनी) भूमि पर सतेन्द्र सिंह कुशवाह पुत्र विनोद सिंह कुशवाह, मेहताब, रामेश्वर, सुरेश सिंह, भारत सिंह, दौलत सिंह पुत्रगण गोपाल सिंह, हरिराम, रूपसिंह, रमेश, बनवारी, गुलाब, राकेश पुत्रगण गिरवर, संतोष पुत्र लाखन आदि के द्वारा अवैध कॉलोनियों में सड़क, सीवर, बाउण्ड्रीवॉल एवं विद्युत पोल आदि निर्माण किये गये थे, जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कॉलोनियों को खसरे के कॉलम क्र. 12 में दर्ज कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पत्र भेजा गया है तथा पुलिस कार्यवाही भी की जा रही है। कार्रवाई में भवन निरीक्षक राजेश भदौरिया, मदाखलत अधिकारी सतेन्द्र भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

# कन्या पूजन के साथ हुआ वैश्य फाउंडेशन का शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज






**ग्वालियर 8 अप्रैल।** वैश्य फाउंडेशन का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को एक निजी होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 51 कन्याओं के पूजन के साथ हुई और नवीन कार्यकारिणी ने अपने दायित्वों का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर रेंज के

**शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी जरूरी है : अमित सांघी**

डीआईजी अमित सांघी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए नवीन पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मंच पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा गीतेश गर्ग और प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्योगपति विकास गंगवाल उपस्थित रहे। नवीन अध्यक्ष डॉ. प्रकाश लोहिया ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपना अध्यक्ष पद पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा। यह मेरे लिए एक अवसर है और कहा कि इस फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में जागरूकता, एकता, उत्थान करना है । वैश्य फाउंडेशन का यह कुनबा लगातार बढ़ रहा है। लगभग 500 सदस्यों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि समाज एकजुट होकर जनहित कार्यों के लिए तत्पर है । वैश्य फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल और निवर्तमान अध्यक्ष बृजेश सिंघल की मौजूदगी में नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में संगठन के नवीन अध्यक्ष डॉ. श्री प्रकाश लोहिया, मंत्री निलेश बिंदल, कोषाध्यक्ष अनुपम सिंघल, कार्यक्रम संयोजक सौरभ खंडेलवाल एवं विनोद गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गुप्ता, उपाध्यक्ष विमल माहेश्वरी, रामकिशन सिंघल, ऋचा गुप्ता एवं मोनिका अग्रवाल, सह - कोषाध्यक्ष वंदना जाजू मौजूद रहे। इनके साथ ही वैश्य समाज के 7 प्रमुख घटकों, 24 संचालकों और नवल किशोर गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाने वाली यूपीएससी चयनित सृष्टि गोयल को अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सलाहकार मंडल के सदस्य नितिन मांगलिक, शिव शंकर अग्रवाल, जे.एस. गुप्ता, अशोक कस्तवार, पारस जैन और रवि गुप्ता ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना मार्गदर्शन दिया।

# महिला कांग्रेस की नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अप्रैल।** शिंदे की छावनी स्थित कांग्रेस भवन पर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा मीनू परिहार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों मनीषा रावत, ज्योति बाथम, वीणा भारद्वाज, शांति कुशवाहा, संजना राजावत, माधवी नरवरिया, मिथलेश यादव, रानू शर्मा, उषा मगरैया, रचना कुशवाहा, मुन्नी अगरैया का हार-फूल मालाओं से स्वागत कर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मान किया। यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज का यह अवसर केवल स्वागत का नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व देने का कार्य किया है। आज जब देश और प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला हो रहा है, तब महिला कांग्रेस की यह नई टीम जन-जन की आवाज बनकर संघर्ष को और मजबूत करेगी। महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्षा मीनू परिहार ने कहा कि आज हमें गर्व है कि हमारी महिला कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है। इस अवसर पर संजय सिंह राठौर, रामनरेश परमार, देवेन्द्र चौहान, कुलदीप कौरव एड, महादेव अपोरिया, भूपेन्द्र तौमर, तरूण यादव, आशा माहोर, संजीव दीक्षित, एन.के. सिसोदिया, आशुतोष शर्मा, राहुल भदौरिया सहित अनेक कॉंग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्रस्ताव आने तक सुपर सकर मशीन की खरीद पर रोक

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 अप्रैल।** नगर निगम परिषद के विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया।

निगम परिषद में आयोजित बैठक में सीवर व्यवस्था को लेकर चर्चा आयोजित की गई तथा चर्चा उपरांत सभापति मनोज तोमर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि सीवर व्यवस्था में विभागीय एवं ठेके पर देने पर कितना खर्च आयेगा, जिसका प्रस्ताव बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करें तथा तब तक सुपर सकर मशीन क्रय किये जाने पर रोक लगाई जाती है। बैठक चर्चा जारी रहते 21 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



# निगमायुक्त ने संपत्ति कर वसूला, की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 अप्रैल।** सम्पत्तिकर वसूली अभियान निरंतर जारी रहे, इसके साथ ही गत वर्ष में जिन सम्पत्तिकर दाताओं ने सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, उनसे सम्पत्तिकर वसूल करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, मुकेश बंसल, रजनीश गुप्ता सहित राजस्व निरीक्षक एवं कर संग्रहक उपस्थित रहे।

निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में निगमायुक्त ने संपत्ति कर वसूली की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वर्ष में जो सम्पत्तिकर दाता सम्पत्ति कर जमा करने से छूट गए हैं, ऐसे सभी सम्पत्ति कर दाताओं से अभियान चलाकर सम्पत्ति कर की वसूली करें तथा जो सम्पत्तिकर दाता सम्पत्ति कर जमा नहीं करता है, तो कुर्की की कार्यवाही भी करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान वर्ष के सम्पत्तिकर के अधिभार में छूट का लाभ 30 जून 2026 तक मिल रहा है। इसलिए अधिक से अधिक संपत्ति कर दाताओं को छूट का लाभ दिलाएं और सम्पत्ति कर जमा करायें। बैठक में सम्पत्तियों की जियो टैगिंग को लेकर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि वर्तमान में 45 वार्डों में सम्पत्तियों की जियो टैगिंग हो चुकी है, जिसको सही करने का कार्य तेजी से किया जाए।

# 50 बसों की जाँच की, 8 बसों में मिली कमियां

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 8 अप्रैल।** नए शिक्षा सत्र के आरंभ होते ही ग्वालियर जिले में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देश पर स्कूली बसों की जाँच करने का परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने दून पब्लिक स्कूल एवं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूलों में पहुंचकर 50 से अधिक स्कूल की बसों की जांच की। इस दौरान 8 बसों में कमियां पाई जाने पर 22 हजार 500 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में कलेक्टर रूचिका चौहान द्वारा स्कूल बसों के लिए दिशा-निर्देश जारी कराए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि परिवहन विभाग की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को दून पब्लिक स्कूल एवं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पहुंचकर बसों की जांच की। बसों के अंदर अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट ऐड बॉक्स इत्यादि की जाँच की। साथ ही बिना फिटनेस एवं बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट आदि कमियां पाई जाने पर 8 स्कूल बसों का चालान कर 22 हजार 500 रुपए का अर्थदण्ड लगाया।

### स्कूली बसों के लिये यह दिशा-निर्देश जारी

स्कूल बसों के संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि स्कूल बस का रंग पीला होना चाहिये। स्कूल बस के आगे एवं पीछे 'स्कूल बस' लिखा होना चाहिये। यदि अनुबंधित बस हो तो उक्त बस पर 'ऑन स्कूल ड्यूटी' लिखा होना चाहिये। स्कूल बस में प्राथमिक उपचार के लिये फर्स्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है। स्कूल बसों में निर्धारित मानक के अनुसार गति नियंत्रक यंत्र (एस.एल.डी.) होना आवश्यक है। स्कूल बसों में खिडकियों पर (हॉरिजेन्टल) ग्रिल्स होना अनिवार्य है। स्कूल बस में अग्निशमन यंत्र की सुविधा हो। स्कूल बस में स्कूल का नाम एवं दूरभाष क्रमांक अंकित हो । स्कूल बस में प्रवेश एवं निर्गम हेतु पृथक-पृथक दो दरवाजे होना चाहिये। स्कूल बस के दरवाजों पर लगे ताले ठीक स्थिति में हों। स्कूल बस में शिक्षित / प्रशिक्षित परिचालक हो। स्कूल बस के चालक के पास कम से कम पाँच वर्ष पुराना भारी वाहन चलाने का अनुभव हो। स्कूल बस में सीटों के नीचे बस्तों की सुरक्षा हेतु अलग से स्थान हो। स्कूल बस पर ऐसा चालक रखा जावे जिस पर लाल बत्ती तोडने के जुर्म में एकाधिक बार चालानी कार्यवाही न की गयी हो, जिन चालकों के विरूद्ध ओव्हर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के अपराध में चालानी कार्यवाही की गयी हो, ऐसे अनाधिकृत व्यक्ति को चालक न रखा जावे। स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम एवं सीसीटीवी कैमरे लगे हों और कार्यरत हों। स्कूल बसो में शिक्षित / प्रशिक्षित परिचारिक हो/जिन बसों में छात्राएँ हैं वहाँ शिक्षित / प्रशिक्षित परिचारिका हो। स्कूल संचालकों द्वारा एक ट्रांसपोर्टर मैनेजर की नियुक्ति होना चाहिये जो बच्चों की सुरक्षा हेतु उत्तरदायी हो। स्कूल बस में वीएलटीडी एवं पैनिक बटन नियमानुसार स्थापित किया गया हो।

# महा त्यागी बाबा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी का छठी महोत्सव

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 8 अप्रैल।** शहर के त्यागी नगर स्थित प्रसिद्ध महा त्यागी बाबा आश्रम में बुधवार को हनुमान जी का 'छठी महोत्सव' श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपरांत आयोजित इस पारंपरिक उत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

**भजन-कीर्तन से गुंजायमान हुआ आश्रम-** मंदिर के महल घनश्याम दास महाराज त्यागी बाबा ने बताया कि छठी महोत्सव के अवसर पर सुबह से ही आश्रम में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया था। हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। दोपहर में आयोजित भजन-कीर्तन में भक्तों ने 'हनुमान चालीसा' और 'बजरंग बाण' के पाठ के साथ प्रभु की महिमा का गुणगान किया। भजनों की मधुर प्रस्तुति पर भक्त झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**महाप्रसाद और भंडारे का आयोजन**

धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात हनुमान जी को विशेष भोग लगाया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। आश्रम परिसर में आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के सेवादारों ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के बाद छठी मनाने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें समस्त भक्तगण सामूहिक सेवा और सहयोग करते हैं। इस अवसर पर आश्रम के भक्त गजेंद्र पुरोहित, बलराम शर्मा, संतोश श्रोती सहित संत-महंतों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# म.प्र. राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया आज ग्वालियर आएंगे

**ग्वालियर 08 अप्रैल।** म. प्र. राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया 9 अप्रैल को सुबह 6.45 बजे श्रीधाम एक्सप्रेस से ग्वालियर से आएँगे । ग्वालियर आगमन के पश्चात पवैया दोपहर एक बजे जीवाजी क्लब के शिष्ट मण्डल से भेंट करेंगे । पवैया अपराह्न 3.30 बजे चीनौर प्रस्थान करेंगे। वे वहाँ मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत कराये गये कृषक पहुँच मार्ग का भूमि पूजन करेंगे तथा शाम 5 बजे वार्षिक दंगल मेला में आयोजित पंचमहल केसरी दंगल का पुरस्कार वितरण करेंगे । इस अवसर पर वह ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों से मुलाक़ात करेंगे। पवैया कल 10 अप्रैल को वी.आई.पी. सर्किट हाउस मुरार में दोपहर 1 से 2 बजे तक आमजनों से भेंट करेंगे ।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

### सार्वजनिक सूचना
### स्वर्ण नीलामी सह निमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बकाया राशि की वसूली के लिए 12/05/2026 से 14/05/2026 तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली की तिथि से पहले लागू ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा नियामक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा।

| ऋण खाता संख्या | ऋण लेने वाले का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 173672250 | अंबिका प्रसाद दांगी | दतिया एमबीएल |
| 180120466 | दुष्यन्त सिंह यादव | दतिया एमबीएल |
| 177455210 | सौरभ सिंह यादव | दतिया एमबीएल |
| 172485245 | नीलेश यादव | दतिया एमबीएल |
| 179520936 | ऋषभ सिंह | ग्वालियर सिटी सेंटर |
| 179439800 | मनेन्द्र दांगी | दतिया एमबीएल |
| 171654219 | कपिल अमृतलाल | गुना एमबीएल |
| 172824405 | नरेंद्र सिंह | दतिया एमबीएल |
| 180094752 | विजय कुमार मिश्रा | ग्वालियर सिटी सेंटर |

नीलामी की स्थिति में यदि कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी। नीलामी के बाद यदि कोई घाटा/कमी रह जाती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार नीलामी कार्यक्रम में संशोधन करने या उसे आगे की तिथि तक स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी का आयोजन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं, मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भौतिक रूप से किया जाएगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम :**

1) संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करना होगा और केवाईसी संबंधी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
3) बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनकी विशिष्टताओं का निरीक्षण करना और उनसे संतुष्ट होना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। बोलीदाता शाखा प्रबंधक से परामर्श करके आभूषणों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
5) सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बेचे गए सोने के पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/खरीददार द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि को बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है।

**दिनांक: 09.04.2026**
**स्थान: मध्यप्रदेश**

एसडी/-
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी


# आधुनिकीकरण की मार : डिजिटल युग में दम तोड़ रहा पारंपरिक प्रिंटिंग व्यवसाय

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 8 अप्रैल.** तकनीक के बढ़ते कदमों एवं सोशल व डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने जहाँ दुनिया को मुट्ठी में कर लिया है, वहीं कई पारंपरिक व्यवसायों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। ग्वालियर का प्रतिष्ठित प्रिंटिंग व्यवसाय आज इसी आधुनिकीकरण की भेंट चढ़ चुका है। कभी शादियों और समारोहों के सीजन में गुलजार रहने वाली प्रिंटिंग प्रेस आज सन्नाटे और आर्थिक तंगी की गिरफ्त में हैं। आधुनिकीकरण की यह चमक उन हजारों परिवारों के लिए अंधेरा लेकर आई है, जिनकी रोजी-रोटी स्याही और कागज के बीच बसती थी। क्या यह तकनीकी विकास की उपलब्धि है या एक पारंपरिक हुनर का अंत, यह एक बड़ा सवाल है।

### श्रमिकों से लेकर ऑपरेटरों तक पर आर्थिक संकट

आधुनिक डिजिटल मशीनों ने प्रिंटिंग की क्वालिटी तो सुधार दी है, लेकिन इसने इंसान के हाथों का काम छीन लिया है। इस व्यवसाय से जुड़े हर वर्ग की आर्थिक स्थिति बदहाल है, लेबर : काम कम होने से दिहाड़ी और रोजगार के अवसर घटे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर : बढ़ती महंगाई और कम सैलरी के बीच तालमेल बिठाना मुश्किल हो रहा है। मशीन संचालक : बढ़ती बिजली दरें और मेंटेनेंस के खर्चे निकालना चुनौती बन गया है। स्क्रीन प्रिंटिंग व्यवसाय से जुड़े संचालकों और सहायकों का कहना हैं कि 'अगर यही स्थिति रही, तो आने वाले समय में स्थितियां और भी भयावह हो जाएंगी। पारंपरिक प्रिंटिंग का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त होने की कगार पर है।'

### मुनाफा 70 से घटकर 30 प्रतिशत पर सिमटा



वर्ष 1988 से इस क्षेत्र में सक्रिय व्यवसायी गिरधर माहेश्वरी 'राठी' ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि एक समय था जब प्रिंटिंग व्यवसाय में सम्मानजनक मुनाफा था। उन्होंने बताया, 1998 में मैंने अपनी मशीनें शुरू की थीं, लेकिन आज स्थिति यह है कि अपनी मशीनें बंद कर दिल्ली की डिजिटल मशीनों से काम कराना पड़ रहा है। राठी के अनुसार, पहले एक शादी कार्ड की प्रिंटिंग पर 2 रुपये मिलते थे, लेकिन आज भारी प्रतिस्पर्धा और गिरती मांग के कारण 1.50 रुपये मिलना भी मुश्किल हो गया है। इसके उलट, लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, स्याही और केमिकल जो पहले 25 से 40 रुपये किलो थे, अब 120 रुपये किलो पार कर चुकी है। पहले जहाँ 70 प्रतिशत तक मार्जिन होता था, वह अब घटकर मात्र 30 प्रतिशत रह गया है।

### सोशल और डिजिटल युग ने बदला व्यापार



10 वर्षों से डिजाइनिंग का कार्य कर रहे डिजाइनर गजेंद्र कुशवाह का कहना है कि डिजिटल क्रांति ने लोगों के निमंत्रण देने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। अब लोग शादी, जन्मदिन या अन्य समारोहों के लिए भारी मात्रा में कार्ड छपवाने के बजाय व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डिजिटल इनविटेशन भेजना पसंद करते हैं। इससे कार्डों की छपाई की मात्रा में भारी गिरावट आई है। कई एप ऐसे आ गए हैं जिससे लोग खुद ही डिजाइन कर लेते हैं लेकिन हां जो क्वालिटी चाहता है वह डिजाइन बनवाने ही आता है।

### छीनता रोजगार, समझ नहीं आ रहा क्या करूँ



कोमल सोम का कहना है कि मैं कई बरसों से स्क्रीन प्रिंटिंग का कार्य कर रहा हूं। मुझे 500 से 600 रुपए प्रतिदिन मिल जाते हैं लेकिन जिस तरह की स्थिति बन रही है आने वाला समय बड़ा मुश्किलों वाला लग रहा है मुझे कोई और कार्य भी नहीं आता। समझ नहीं आ रहा आगे क्या करुंगा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95